न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी सुश्री अंशुल आमेरिया (आर.ए.एस)

.प्रकरण संख्या 35/2021

अनवान

1. कमला पुत्र देवीलाल खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
2. कैलाश पुत्र देवीलाल खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
3. श्यामलाल पुत्र देवीलाल खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
4. सत्यनारायण पुत्र देवीलाल खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।

—प्रार्थी

बनाम

1. रामेश्वर पिता मोहन खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
2. बंशीलाल पिता मोहन खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
3. भंवर पिता शंकर खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
4. भैरू पिता स्व. श्री शंकर खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
5. रामपाल पिता रामा खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
6. ईश्वर पिता मांगु लुहार खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
7. महेश पिता उत्सव लाल भट्ट खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
8. राजशेखर पिता उत्सव लाल खाती(सुथार) नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
9. कन्हैयालाल पुत्र बरदु उर्फ सोहनलाल सुथार नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
10. कालुलाल पुत्र बरदु उर्फ सोहनलाल सुथार नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
11. गोकल पुत्र जमना लाल सुथार नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
12. देवीलाल पुत्र मांगीलाल सुथार नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
13. भंवरलाल पुत्र जमना लाल सुथार नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
14. श्यामलाल पुत्र मांगीलाल संथार नि. रेलवे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ।
15. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।

—अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 31—08—2021

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूॅ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 01.07.2021 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भूअभिलेख निरीक्षक क्षैत्र हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 1662 की आराजी संख्या 1346 रकबा 0.3288 है0, आराजी न0 1347 रकबा0. 3920 आराजी नम्बर 1348 रकबा 0.1770 है, आराजी नम्बर 1349 रकबा 0.1138 है. आराजी नम्बर 1349/1 रकबा 0.0759 है0, आराजी नम्बर 1350 रकबा 0.0759 है0, आराजी नम्बर 1357 रकबा 0.3161 है0 कुल किता 7 रकबा 1.4795 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 01.07.2021 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 से 14 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Aameria
Date: 2021.09.10 15:59:17 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर [illegible] किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। [illegible] स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी करा[illegible] प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने [illegible] तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नै[illegible]क न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

उपखण्ड अधिकारी
हमी[illegible].)

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू.अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 1662 की आराजी संख्या 1346 रकबा 0.3288 है0, आराजी न0 1347 रकबा0. 3920 आराजी नम्बर 1348 रकबा 0.1770 है, आराजी नम्बर 1349 रकबा 0.1138 है. आराजी नम्बर 1349/1 रकबा 0.0759 है0, आराजी नम्बर 1350 रकबा 0.0759 है0, आराजी नम्बर 1357 रकबा 0.3161 है0 कुल किता 7 रकबा 1.4795 है0 भूमि स्थित है। जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लेण्ड रकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 400/–पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 31/08/2021 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अंशुल आमेरिया)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Signature Not Verified

Digitally signed by Anshul Aameria
Date: 2021.09.10 15:59:17 IST
Reason: SelfAttested